Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 27-11-2006

Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

>

Title : Problems being faced by farmers in Uttar Pradesh due to acute shortage of Chemical fertilizers.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा): सभापति जी, भारत एक कृाि प्रधान देश है और इस समय पूरे भारत में धान की कटाई के बाद गेहूं और ज्वार की बुवाई का समय है। खासकर मैं उत्तर प्रदेश के किसानों की ओर आपका ध्यान आकर्ाित करना चाहता हूं। इस समय उत्तर प्रदेश में जो सबसे बड़ी समस्या है वह डी.ए.पी. खाद की अनुपलब्धता की है। वहां यह खाद बिलकुल नहीं मिल रही है। मैं समझता हूं कि देश के अन्य प्रदेशों में भी ऐसी ही स्थिति होगी। आज किसान अपनी फसल को बोने के लिए परेशान हैं। इस कारण किसानों को खाद ब्लैक में 600-700 रुपए बोरे के हिसाब से खरीदनी पड़ रही है। मैं केन्द्रीय उर्वरक मंत्री और भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में किसानों की परेशानियों को देखते हुए तुरन्त यह खाद उपलब्ध कराई जाए।

महोदय, पूरे देश में किसानों की हालत खराब है जिसके कारण किसान आत्महत्या कर रहे हैं। कहीं किसानों को पानी नहीं मिल रहा है, कहीं किसानों को बिजली नहीं मिल रही है और